ज्ञानविविधा
रचना, आलोचना और शोध की त्रैमासिक पत्रिका

Online ISSN : 3048-4537
April-June, 2024 : 1(3)81
©2024 Gyanvividha
www.gyanvividha.com

मृत्युंजय कुमार मनोज
पता - निराला एस्टेट, टेकजोन-4
ग्रेटर नोएडा (पश्चिम), उ.प.-201306

Corresponding Author :
मृत्युंजय कुमार मनोज
पता - निराला एस्टेट, टेकजोन-4
ग्रेटर नोएडा (पश्चिम), उ.प.-201306

लघुकथा :

बैकलेस

'क्या हॉट लग रही है। पूरी आईटम…उम्र देखिए और उसका बैकलस अंदाज देखिए। इसी को कहते हैं बूढ़ी घोड़ी लाल लगाम। ऐसी लेडीज ने ही समाज में औरतों को बदनाम कर रखा है' -कौशल ने डीजे में नाचते मेनका को देखकर कोल्डड्रिंक्स पीते हुए अपने फ्रेंड आकाश से कहा।

बैंक्वेट हॉल में मेनका की फ्रेंड आरती की इंगेजमेंट पार्टी चल रही है। रोमांटिक म्युजिक की ताल पर लोग थिरक रहे हैं। मेनका की उम्र चालीस के आसपास होगी। कौशल गर्ग आरती के रिश्तेदार हैं। उनकी उम्र पचास वर्ष है।

'क्या कहा आपने? फिर से कहिए जरा' -मेनका ने कौशल से गुस्से में कहा।

'जी, कुछ नहीं' -कौशल जी ने अनजान बनते हुए कहा।

'मैंने सब सुन लिया है। क्या आपके घर में बहू-बेटी ऐसा ड्रेस नहीं पहनती है?-मेनका ने पूछा।

'हां, पहनती हैं। मेरी एक बेटी है। लेकिन उसकी बात अलग है। उसकी उम्र पंद्रह वर्ष है। उसकी तो उम्र है ऐसे कपड़े पहनने की' -कौशल जी ने जवाब दिया।

'यही तो आप मर्दों का दोहरा मापदंड है। अपने परिवार की बहू- बेटी के लिए एक विचार और दूसरों के लिए नैतिकतावादी। मैं मानती हूं कि ड्रेस को अंग प्रदर्शन के रूप में यूज करने वाले भी हैं, लेकिन यही एकमात्र पहलू नहीं है। मेरा यह बैकलेस ड्रेस मुझे कांफीडेन्स देता है। यह मेरी फ्रीडम का प्रतीक है। यह मुझे खूबसूरती का सुखद एहसास कराता है। लंबे समय से हम औरतें समाज द्वारा थोपी गई कई वर्जनाओं को तोड़ने के लिए संघर्ष करती आई हैं। मेरी दादी कभी घूंघट से बाहर नहीं निकली। वहीं मेरी मां ने जब पहली बार नाइटी पहना था तो घर में बातें बनाई गईं। आप मर्दों ने हमें हमेशा केवल सेक्स ऑब्जेक्ट के रूप में देखा। हमारे फीलिंग्स से आपको कोई मतलब नहीं रहा। इसी कारण मेरे बैकलेस लुक पर आपका कमेंट्स आपके माइंडलेस होने का प्रमाण है। और हां, जहां तक मेरे हॉट होने का प्रश्न है, वो तो मैं हूं'- मेनका ने कौशल को टका-सा जवाब दिया।

'लेडीज एंड जेंटलमैन कृपया स्टेज की ओर आ जाएं। रिंग सेरेमनी होने वाली है' -एंकर ने अनाउंस किया। सभी स्टेज की ओर बढ़ चले। कौशल मेनका के बैकलेस वाले बोल्ड और ब्यूटीफुल लुक को निहारे जा रहा था।